**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 08.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानें नष्ट किए।
- दक्षिण अण्डमान जिले में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल–ऑपरेशन अभ्यास का आयोजन किया गया।
- अंडमान टूर ऑपरेटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क पर चर्चा की।
- दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने मिट्टी के अवैध डंपिंग करने वाले लोगों को चेतावनी जारी की है।

<><><><><><><>

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत हमलों के बाद कहा है कि अगर पाकिस्तान ने स्थिति को और बिगाड़ा तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। नई दिल्ली में सेना, वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह ऑपरेशन रात एक बजकर पांच मिनट से डेढ बजे तक चला। सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि ये आतंकी ठिकानों में पाकिस्तान के सियालकोट, बहावलपुर, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में थे। कर्नल सोफिया ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए यह ऑपरेशन किया गया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का खुलासा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने सिंदूर ऑपरेशन से अपने जवाबी कार्रवाई के अधिकार का प्रयोग किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान वीरता और साहस का परिचय देकर नया इतिहास रचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मंत्रीमंडल को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

उधर, विश्व समुदाय ने आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। इज़राइल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है। रूस ने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। जापान ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख की पुष्टि करते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। जर्मनी, भारत और पाकिस्तान

दोनों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशा व्यक्त की कि तनाव जल्द खत्म हो जाएगा।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कल शाम चार बजे दक्षिण अण्डमान जिले में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल–ऑपरेशन अभ्यास का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य जिले की आपदा प्रतिक्रिया टीमों की वर्तमान तैयारी के स्तर का आकलन करना और कमियों की पहचान करना था। श्री विजयपुरम के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के पास एक वायुसेना के हमले का अनुकरण किया गया। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग लगने की स्थिति पर भी खोज और बचाव अभियान चलाया गया। इसके अलावा क्षतिग्रस्त इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और उन्हें पास के अस्थायी अस्पताल और राहत शिविर में स्थानांतरित किया गया। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं, एनडीआरएफ, अण्डमान लोक निर्माण विभाग, बिजली, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक और अन्य सभी संबंधित विभागों ने इस अभ्यास में भाग लिया। सांसद बिष्णु पद राय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन सचिव ए. एस. पी. एस. रविप्रकाश, की देखरेख में आयोजित किया गया। दक्षिण अंडमान जिले के उपायुक्त अर्जुन शर्मा, एडीएम सनी गुप्ता, सहायक आयुक्त विनायक चमाडिया और अभिषेक गुलिया ने पूरे अभ्यास का नेतृत्व किया।

ड्रिल के परिदृश्य के तहत अण्डमान निकोबार कमान ने जेएनआरएम पर हवाई हमले के बारे में एसईओसी को एक संदेश भेजा। अभ्यास के दौरान, मानक प्रक्रिया के तहत जेएनआरएम में स्थापित सायरन बजाया गया। अभ्यास के समय ब्लैकआउट उपायों का भी पालन और अभ्यास किया गया। घटना कमांडर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंडमान क्लब में एक अस्थायी अस्पताल और पास के गर्ल्स स्कूल में एक राहत शिविर स्थापित किया गया था। सभी बचाए गए व्यक्तियों को राहत शिविर में और घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। सभी गतिविधियाँ प्रशिक्षित पेशेवरों और समन्वयकों द्वारा नियंत्रित और पर्यवेक्षित वातावरण में की गईं। शाम छह बजे डीब्रीफिंग सत्र के साथ मॉक ड्रिल का समापन हुआ।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल राज निवास में उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

एसोसिएशन के अध्यक्ष एम. विनोद ने किया। मुलाकात के दौरान, अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क और द्वीप प्रशासन में पर्यटन पहल को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने भूमि राजस्व नियमों का उल्लंघन करते हुए मिट्टी के अवैध डंपिंग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। हाल ही में गाराचरामा में एक फील्ड निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों ने लगभग तीस घन मीटर मिट्टी का अनधिकृत डंपिंग पाया। अपराधियों पर अठारह हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त ने अवैध खनन, मिट्टी के परिवहन और अनधिकृत डंपिंग में शामिल सभी लोगों को कड़ी चेतावनी जारी की है। आम जनता को सलाह दी गई है कि वे भूमि उपयोग, खनन और सामग्री आवाजाही से संबंधित सभी कानूनी प्रावधानों का पालन करें। मिट्टी और खनिजों के अवैध डंपिंग, खनन या परिवहन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबरों या व्हाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान के बकुलतला स्थित वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से रंगत के विवेकानंद केन्द्र विद्यालय में महिलाओं के लिए दो दिवसीय महिला सम्मेलन और प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उदघाटन कल दोपहर तीन बजे होगा। इस सम्मेलन का उददेश्य महिलाओं, विशेष रूप से छोटा नागपुरी समुदाय की महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के बारे में जागरूक किया जाएगा।

<><><><><><><>

परिवहन निदेशालय ने सभी वाहन मालिकों से कहा है कि वे अपने आधार प्रमाणित मोबाइल नम्बर वाहन पोर्टल पर अपडेट करवाएं। मोबाइल नम्बर अपडेट न होने की स्थिति में कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। जिसमें बीमा, ई–चलान नोटिस और टैक्स रिमाइडर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल है।

<><><><><><><>

खेल विभाग पुरुषों और महिलाओं के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन आज दोपहर साढ़े तीन बजे स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में होगा। पुरूषों का मैच अण्डमान

निकोबार पुलिस और बिदोरी क्लब के बीच, जबकि महिलाओं का मैच जेनेसिस – टूअल और चौवरा एवं तेरेसा के बीच खेला जाएगा।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष– दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए फिशिंग बोट के निर्माण और खरीद पर सब्सिडी योजना शुरू की गई है। योजना का उद्देश्य मछुआरों, अनसूचित जनजातियों, बेरोजगार युवाओं और मत्स्य सहकारी समितियों को मदद प्रदान करना है, ताकि द्वीपो में मछली उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। इस योजना के तहत आवेदन किया जा सकता है, जिसमें पचास से पचहत्तर प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि इक्कतीस मई है। आवेदनकर्ता क्षेत्र के मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>